[This question paper contains 8 printed pages.]

**3429** *Your Roll No.* .............

**LL.B. / I Term** **BS**

Paper LB-105 – FAMILY LAW – I

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

टिप्पणी :- इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

*Attempt any* **Five** *questions.*

**All** *questions carry equal marks.*

किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. Discuss the validity of the following marriages under Hindu law

   (i) Marriage between an uncle and his niece.

   (ii) Marriage of a 12 year old girl with 20 years old man.

   (iii) Marriage of a man with his paternal grandfather's, brother's daughter's daughter.

(iv) H and W, both residents of Delhi, marry in a temple in Chennai by exchange of garlands in presence of two of their friends.

हिन्दू विधि के अन्तर्गत निम्न विवाहों की वैधता की विवेचना कीजिए :

(i) एक चाचा व भतीजी के मध्य विवाह।

(ii) 12 वर्ष की लड़की का एक 20 वर्षीय आदमी से विवाह।

(iii) एक आदमी का उसके पैतृक दादा के भाई की पुत्री की पुत्री के साथ विवाह।

(iv) H व W, दोनों दिल्ली के निवासी, अपने दो दोस्तों की उपस्थिति में मालाओं की अदला-बदली द्वारा चेन्नई के एक मन्दिर में विवाह करते हैं।

2. Discuss the validity of the following marriages under Muslim law

(i) Marriage between the children of two sisters

(ii) Marriage of a man with his former wife, one week after divorce

(iii) Marriage of a Shia male with a Parsi female

(iv) Second marriage of a Hindu married man, solemnised under Muslim law after his conversion to Muslim faith with a Muslim girl.

मुस्लिम विधि के अन्तर्गत निम्न विवाहों की वैधता की विवेचना कीजिए :

(i) दो बहनों के बच्चों के मध्य विवाह।

(ii) व्यक्ति का उसकी पूर्व पत्नी के साथ तलाक के एक सप्ताह पश्चात् विवाह।

(iii) शिया पुरूष का पारसी महिला के साथ विवाह।

(iv) एक विवाहित हिन्दू पुरूष का मुस्लिम विधि के अन्तर्गत मुस्लिम धर्म परिवर्तन के पश्चात् एक मुस्लिम महिला के साथ दूसरा विवाह।

3. (i) Komal and Shivam , both MBA graduates were working in two different MNCs in NOIDA. Komal was later transferred to Bangalore and planned to shift there. Shivam wants Komal to resign from her job and assume domestic responsibilities at Noida and upon her refusal to do so, he files a petition praying for a decree of restitution of conjugal rights. Would he be successful ? Discuss.

(ii) Nineteen years old Rani was married to a fifty years old widower Shekhar in 2006 by her father. Her father deliberately told Rani that her would be groom was around 25 year Old

and a very wealthy man. At the time of wedding Rani was shocked to see Shekhar but kept quite due to the presence of a large number of relatives. She however, refused to consummate the marriage and ran away from the matrimonial home at the first opportunity. She now presents a petition praying for a decree of nullity. Would she be successful ? Discuss.

(i) कोमल व शिवम्, दोनों MBA स्नातक नोएडा में दो भिन्न MNC's में कार्यरत थे। तत्पश्चात् कोमल का स्थानान्तरण बंगलौर हो गया और उसने वहाँ रहना सुनिश्चित किया। शिवम् चाहता था कि कोमल अपने पद से त्याग-पत्र दे तथा नोएडा में अपने पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन करे तथा उसके ऐसा मना करने पर, उसने (शिवम्) दाम्पत्य अधिकारों की पुर्नस्थापना के लिए याचिका दायर की। क्या वह सफल होगा ? विवेचना कीजिए।

(ii) सन् 2006 में उन्नीस वर्षीय रानी का विवाह उसके पिता ने पचास वर्षीय विदुर व्यक्ति शेखर के साथ किया। उसके पिता ने जानबूझकर बताया कि वर एक पच्चीस वर्षीय धनवान व्यक्ति है। विवाह के समय शेखर को देखकर रानी को धक्का लगा परन्तु बहुत से रिश्तेदारों की उपस्थिति के कारण वह चुप रही। वस्तुत: उसने विवाह की निष्पत्ति से इन्कार कर दिया और प्रथम अवसर पर अपने वैवाहिक घर से भाग गई। वह अब शून्या की डिक्री के लिए याचिका प्रस्तुत करती है। क्या वह सफल होगी ? विवेचना कीजिए।

4. (i) What are the grounds under which a Hindu wife can claim separate residence and maintenance from the husband ? Can such right be forfeited under any situation ?

(ii) Aashish and Sonam were married in 2008 at Delhi. Three years later Sonam discovered that Aashish was already married to Shivani at the time of her marriage with him. Sonam wants your help to claim maintenance from Aashish. Discuss the provisions relating to maintenance and analyse whether Sonam can avail of any remedy.

(i) उन आधारों कि विवेचना कीजिए जिनके अन्तर्गत एक हिन्दू पत्नी अपने पति से एक पृथक निवास एवं भरण-पोषण का दावा कर सकती है। क्या किसी परिस्थिति में ऐसे अधिकार का समपरहण (वंचित) किया जा सकता है।

(ii) आशीष और सोनम का वर्ष 2008 में दिल्ली में विवाह हुआ। तीन वर्ष पश्चात्, सोनम को पता चला कि विवाह के समय आशीष का शिवानी के साथ पहले से ही विवाहित है। सोनम आशीष से भरण-पोषण के दावे के सन्दर्भ में आपसे सहायता चाहती है। भरण पोषण से सम्बन्धित उपबन्धों की विवेचना कीजिए तथा सुनिश्चित कीजिए कि क्या सोनम कोई उपचार प्राप्त कर सकती है।

5. Pran Singh and Radha, married each other in 1999 and a son Kamal was born to them. Soon thereafter Pran started neglecting Radha and his child, refused to maintain them and maintained an adulterous relationship with Rosy, an office colleague of his. Radha secured a decree of judicial separation on grounds of Pran's adultery. Pran discontinued the adulterous conduct for a year, but did not maintain Radha. A year later he claimed divorce on the ground that since there was no resumption of cohabitation between him and Radha for a period of one year, he is entitled to get a decree of divorce. Would he be successful ? Discuss.

प्राण सिंह और राधा ने सन् 1999 में एक दूसरे से विवाह किया तथा उनसे एक पुत्र कमल का जन्म हुआ । इसके तुरन्त पश्चात् प्राण, राधा व उसके पुत्र की उपेक्षा करने लगा, उनके भरण पोषण से मना किया तथा अपने कार्यालय की सहकर्मी, रोज़ी के साथ जार-सम्बन्ध जारी रखा । राधा ने प्राण के जार-सम्बन्ध के आधार पर प्राण से न्यायिक पृथककरण की आज्ञप्ति (डिक्री) प्राप्त की । प्राण ने अपने जार-आचरण को एक वर्ष के लिए छोड़ दिया परन्तु राधा को पोषित नहीं किया । एक वर्ष पश्चात् उसने विवाह विच्छेद का दावा इस आधार पर किया कि चूंकि एक वर्ष की अवधि में उसके व राधा के मध्य सहवास का पुर्नस्थापन नहीं हुआ इसलिए वह विवाह-विच्छेद की आज्ञप्ति का हकदार है । क्या वह सफल होगा ? विवेचना कीजिए ।

6. (i) Discuss the capability of a Hindu woman to take a child in adoption. Discuss the recent changes in this regard.

(ii) Discus the capacity of a mother to be a guardian of a minor child in presence of the father ?

(i) एक हिन्दू स्त्री के दत्तक-ग्रहण की क्षमता की विवेचना कीजिए। इस सम्बन्ध में नवीन परिवर्तनों की विवेचना कीजिए।

(ii) पिता की उपस्थिति में किसी अवस्यक के संरक्षक के सन्दर्भ में माता की संरक्षता की क्षमता की विवेचना कीजिए।

7. (i) Discuss under what circumstances can non payment of maintenance be a ground for divorce under Muslim law ?

(ii) Can the second marriage of a married Muslim man be a valid defence to his suit of restitution of conjugal rights against his first wife who refuses to live with him on this ground ?

(i) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत उन परिस्थितियों की विवेचना कीजिए जिनमें भरण-पोषण न देना, विवाह विच्छेद का आधार हो सकता है।

(ii) क्या एक विवाहित मुस्लिम व्यक्ति का द्वितीय विवाह, उसकी प्रथम पत्नी, जिसने द्वितीय विवाह के आधार पर उसके साथ रहने से मना कर दिया, के द्वारा दाम्पत्य अधिकारों के पुनर्स्थापन के वाद में एक मान्य बचाव होगा ?

8. Write short notes on any **two** of the following :

   (i) Divorce by mutual consent under Hindu and Muslim law.

   (ii) Cruelty as ground for divorce under Hindu and Muslim law.

   (iii) The concept of talaq and Khula under Muslim law.

निम्न में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :-

   (i) हिन्दू व मुस्लिम विधि के अन्तर्गत पारस्परिक सहमति से विवाह विच्छेद ।

   (ii) हिन्दू व मुस्लिम विधि के अन्तर्गत विवाह विच्छेद के आधार के रूप में क्रूरता ।

   (iii) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत तलाक और खुला की अवधारणा ।